भा. कृ. अनु. प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में, 13 अक्टूबर 2016 को " हिन्दी चेतना मास" का समापन समारोह

भा. कृ. अनु. प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में, 13 अक्टूबर 2016 को "हिन्दी चेतना मास" का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ब्यूरो में 05/10/2016 को आयोजित हिन्दी चेतना मास के दौरान (14 सितंबर, 2016 से 13 अक्टूबर 2016 तक) आयोजित हिन्दी में निबंध प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों (**श्रीमती नाज़िया अंजुम, वरिष्ठ लिपिक,** ने **प्रथम**, **श्री संदेश गवास, वरिष्ठ शोधकर्ता,** ने **द्वितीय,** और **संयुक्त रूप से डॉ. राघवेंद्र ए., तकनीकी सहायक** तथा **श्रीमती रेखा, दक्ष सहायक,** ने **तृतीय** स्थान प्राप्त किए।) और हिन्दी गायन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को, ब्यूरो की निदेशक महोदया, डॉ. चाँदिश आर. बल्लाल ने प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए। ब्यूरो की निदेशक महोदया, डॉ. चाँदिश आर. बल्लाल ने ब्यूरो की राजभाषा कार्यान्वयन समिति को हिन्दी चेतना मास के सफल आयोजन पर बधाई दी और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया कि, ब्यूरो के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रतियोगिताओं में भाग लेकर इसको सफल आयोजन बनाया। डॉ. अंकिता गुप्ता, वैज्ञानिक एवं सदस्य सचिव, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया तथा इस समारोह का संचालन श्री सतेंद्र कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी ने किया।